SET NO-1

**Roll No.** | | | | | | | |

*Candidates must write the Set No. on the title page of the answer book*

**DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE**
**PERIODIC ASSESSMENT - II (2023-24)**

- Check that this question paper contains 09 printed pages.
- Set number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer book by the candidate.
- Check that this question paper contains 14 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period

**CLASS –VIII**
**SUB: HINDI (HIGHER)**

**Max. Marks: 80** **Time Allowed: 3 Hours**

**सामान्य निर्देश -**

1.इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – ‘अ’ और ‘ब’ |

2. दोनों खंड अनिवार्य हैं |

3. खंड ‘अ’ में बहुवैकल्पिक प्रश्न (1-8) पूछे गए हैं I दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

4. खंड ‘ब’ में वर्णनात्मक प्रश्न (9-14) पूछे गए हैं I दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

5.प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए |

6.उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए,जो प्रश्न-पत्र में दी गई है |

## खंड ' अ ' ( अपठित बोध )

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए -** **(1x5=5)**

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखना चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया था। उन्हें 'पद्मभूषण' और 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया था। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था ''कल करे सो आज, आज करे सो अब। पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।''

(i) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा था?

(क) अति विकसित देश (ख) विकसित देश

(ग) निर्मित देश (घ) विकासशील देश

(ii) डॉ. कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति थे ?

(क) असहज (ख) निर्दयी

(ग) भावुक (घ) क्रूर

(iii) डॉ. कलाम एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले ________ थे।

(क) वैज्ञानिक (ख) कलाकार

(ग) साहित्यकार (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) डॉ. कलाम को क्या-क्या बेहद पसंद था ?

(क) कविताएँ लिखना (ख) खेल प्रेमी

(ग) बच्चों के साथ रहना (घ) (क) और ( ग )

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A)- डॉ. कलाम का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

कारण (R)-वह कर्मठता दृढ़ इच्छाशक्ति तथा नि:स्वार्थ सेवा भाव की प्रतिमूर्ति हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख)कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए -** **(1x5=5)**

अनुशासन का अर्थ है- नियमों के अनुसार जीवन व्यतीत करना | संपूर्ण सृष्टि भी अनुशासन का पालन करती है | अनुशासित जीवन जीने से मानव प्रगति पर अग्रसर होता है | अनुशासन का पालन करने से सभी कार्य समय पर पूरे **हो** जाते हैं | सूर्य और चंद्रमा भी अनुशासन में बँधकर संसार को कर्म और विश्राम करने का संदेश देते हैं | संसार के सभी सफल व्यक्तियों ने अपने जीवन में अनुशासन का दृढ़ता से पालन किया | राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी हों या लौहपुरुष सरदार पटेल हों | उन्होंने जनता के सामने अनुशासित जीवन जीने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया | वर्तमान युग में कुछ लोग सोचते है किअब मानव शिक्षित और सभ्य हो गया है | उस पर किसी प्रकार के नियमों को थोपना उचित नहीं है | वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे,उसे करने देना चाहिए | 'मानव,मानव ही है; देवता नहीं |' अत:उसमें सद्प्रवृत्तियाँ और कुप्रवृत्तियाँ दोनों ही होती हैं | मानव सभ्य तभी तक रहता है,जब तक वह अपनी सुप्रवृत्तियों के अनुसार कार्य करें | इसलिए मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ बंधनों और नियमों का होना आवश्यक है | अनुशासनबद्धता मानव-जीवन के मार्ग में बाधक नहीं,अपितु उसको पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है | इसलिए अनुशासन के बिना तो मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है | अनुशासन के बंधन में बँधकर मनुष्य समय का सदुपयोग करते हुए अपने जीवन में उन्नति कर सकता है |

(i) अनुशासन का क्या अर्थ है ?

(क) नियमों के अनुसार जीवन व्यतीत करना | (ख) नियमों की अवहेलना करना |

(ग) जीवन में नए नियम बनाना | (घ) आलस्य को बढ़ावा देना |

(ii) अनुशासन का कार्यों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(क) काम समय पर पूरे नहीं होते | (ख) समय के अभाव की शिकायत रहती है |

(ग) सभी काम समय पर पूरे होते हैं | (घ) व्यक्ति उन्नति नहीं कर सकता है |

(iii) ‘मानव,मानव ही है,देवता नहीं’कथन का क्या अर्थ है ?

(क) मानव में कुप्रवृत्तियाँ होती हैं |
(ख) मानव में सद्प्रवृत्तियाँ नहीं होती हैं |
(ग) मानव देवता तुली महान होता है |
(घ) मानव में कुप्रवृतियाँ,सुप्रवृत्तियाँ दोनों होती हैं |

(iv) वर्तमान युग में कुछ लोग क्या सोचते हैं ?

(क) मनुष्यों पर नियमों को थोपना चाहिए |
(ख) मनुष्यों पर नियमों को नहीं थोपना चाहिए |
(ग) मानव को अनुशासन में बँधे रहना चाहिए |
(घ) अनुशासन का पालन नहीं करना चाहिए |

(v) मनुष्य अपने जीवन में कैसे उन्नति कर सकता है ?

(क) समय का सदुपयोग कर के |
(ख) स्वतंत्र रूप से कार्य कर के |
(ग) अनुशासन में बँध कर और समय का सदुपयोग कर के |
(घ) शिक्षित बन कर |

**3**. (क) (i) निम्नलिखित शब्दों में से उचित **अनुस्वार** वाले शब्द का चयन करें- (1)

(क) चगुंल
(ख) प्रातं
(ग) महंत
(घ) सवांद

( ii) निम्नलिखित शब्दों में से उचित **अनुनासिक** वाले शब्द का चयन करें- (1)

(क) चाँद
(ख) मँजिल
(ग) भावनाँए
(घ) काटाँ

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उचित **नुक्ता** वाले शब्द का चयन कीजिए- (1)

(क ) लिफ़ाफ़ा
(ख) ज़ंजीर
(ग) कागज
(घ) फसल

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में ‘**र**’ का प्रयोग सही रूप से हुआ है ? (1)

(क) वर्त
(ख) पक्रार
(ग) धम्र
(घ) शर्म

**4**. (क) (i) 'सुशोभित' शब्द में प्रयुक्त उचित **उपसर्ग** का चयन कीजिए- (1)

(क) इत
(ख) भित
(ग) सु
(घ) भीत

(ii) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'इक' **प्रत्यय** का प्रयोग हुआ है ? (1)

(क) पाठक
(ख) गायक
(ग) आर्थिक
(घ) नायक

( ख) (i) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए- (1)

| | तत्सम शब्द | | तद्भव रूप |
|---|---|---|---|
| A | मयूर | A | मोर |
| B | जिह्वा | B | नाक |
| C | आम्र | C | आम |
| D | क्षेत्र | D | आँख |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित है-

(क) A और B (ख) C और D

(ग) A और C (घ) B और D

(ii) नीचे दिए गए विकल्पों में से **तद्भव** शब्द का चयन कीजिए- (1)

(क) सूर्य (ख) दही

(ग) दुग्ध (घ) दधि

5. (क ) (i) **'रात'** शब्द के उचित **पर्यायवाची** युग्म का चयन कीजिए - (1)

(क) निशा,दिवा (ख) वासर,निशा

(ग) रात्रि,दिवस (घ) रजनी,निशा

(ii) **'उपहार'** शब्द में उचित **पर्यायवाची** युग्म का चयन कीजिए - (1)

(क) भेंट,हार (ख) पुरस्कार,इनाम

(ग) तोहफ़ा ,घड़ी (घ) भेंट,तोहफ़ा

(ख) (i) '**निंदा**' शब्द के उचित **विलोम** का चयन कीजिए - (1)

(क) स्तुति (ख) पुरस्कार

(ग) मान (घ) अपमान

(ii) '**हर्ष**' शब्द के उचित **विलोम** का चयन कीजिए- (1)

(क) आनंद (ख) खुशी

(ग) दुख (घ) विषाद

(ग) निम्नलिखित **वाक्यांश** के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

विशाल हृदय वाला-

(क) सदाचारी (ख) दिलवाला

(ग) उदार (घ) दूरदर्शी

(घ) दिए गए शब्दों में से **भाववाचक संज्ञा** को चुनिए - (1)

(क) ईश्वर (ख) रामायण

(ग) दीनता (घ) उड़ना

**6**. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से **शुद्ध वाक्य** का चयन कीजिए- (1)

(i) ईमानदार और उदार लोग यहाँ रहते हैं |

(ii) यहाँ लोग ईमानदार और उदार रहते हैं |

(iii) यहाँ ईमानदार और उदार लोग रहते हैं |

(iv) ईमानदार और उदार लोग रहते हैं यहाँ |

(ख) " " दिए गए विराम चिह्न का नाम पहचानिए - (1)

(क) अर्ध विराम (ख) दुहरा उद्धरण

(ग) अल्प विराम (घ) विस्मयादिबोधक

(ग) (i) '**आश्चर्य होना**' शब्द के लिए उपयुक्त **मुहावरा** है- (1)

(क) रात- दिन एक करना (ख) दंग रह जाना

(ग) फूला न समाना (घ) सूरज को दीपक दिखाना

(ii) ' कान भरना ' **मुहावरा** का सही अर्थ क्या है ? (1)

(क) किसी को पता न चलना (ख) कान पकड़कर चलना

(ग) किसी के कान में बोलना (घ) चुगली करना

(घ) (i) रिक्त स्थान की पूर्ति सही विकल्प द्वारा कीजिए- (1)

जहाँ समानता दिखाने के लिए उपमेय की तुलना उपमान के साथ किया जाता है, वहाँ________अलंकार होता है |

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (घ) उपमा अलंकार

(ii) ' तरनि- तनूजा तट –तमाल तरुवर बहु छाए ' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार के नाम का चयन कीजिए- (1)

(क) मानवीकरण अलंकार (ख) उपमा अलंकार

(ग) रूपक अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** (1x5=5)

मेजर गुडॉल मन ही मन बहुत अधिक खुश हो रहा था । उसे कहाँ उम्मीद थी कि उसका शिकार खुद जाल में फँसने चला आएगा । सीताराम राजू माँग कर रहा था कि उसे कचहरी में पेश किया जाए और क़ानून के हिसाब से उसके साथ बर्ताव हो । पर गुडॉल का कोई इरादा नहीं था कि कोर्ट कचहरी के चक्कर में सीताराम राजू को अपनी जान बचाने का ज़रा भी मौक़ा मिले। बस,उसके इशारे पर कुन्चू मेनन नाम के एक सिपाही ने सीताराम राजू पर गोली चलाई और उसका काम तमाम कर दिया ।

(i) मेजर गुडॉल किसमें फँसना नहीं चाहता था ?

(क) चंगुल में (ख ) झाँसे में

(ग) कोर्ट कचहरी में (घ) झाँसा देकर चंगुल में

(ii) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम चयन कीजिए -

(क) अन्याय लड़ाई (ख) अन्याय और लड़ाई

(ग ) अन्याय से होने वाली लड़ाई (घ) अन्याय के ख़िलाफ़ लड़ाई

(iii) मेजर गुडॉल मन ही मन खुश क्यों हो रहा था ?

(क) सीताराम राजू को सामने देखकर (ख) शिकार को फँसते देखकर

(ग) क और ख दोनों सही (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) कुन्चू मेनन ने क्या किया ?

(क) गुडॉल को नज़रअंदाज़ किया (ख) इशारा मिलते ही गोली चला दी

(ग) सीताराम को फाँसी दे दी (घ) सीताराम को भगा दिया

(v) कथन (A) -कचहरी में पेश किया जाए और क़ानून के हिसाब से उसके साथ बर्ताव हो ।

कारण ( R )-सीताराम राजू जानता था कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा ।

(क) कथन (A) कारण ( R ) की सही व्याख्या नहीं है ।

(ख) कारण ( R ) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

(ग) कथन (A) तो सही है किन्तु कारण ( R ) उसकी व्याख्या नहीं है ।

(घ) कथन (A) ग़लत है जबकि कारण ( R ) सही है ।

**8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1×5=5)**

एक अकेला ताँगा था दूरी पर
कोचवान की काली-सी चाबुक के बल पर वो बढ़ता था ।
घूम-घूम जो बलखाती थी सर्प सरीखी
बेदर्दी से पड़ती थी दुबले घोड़े की गरम पीठ पर,
भाग रहा वह तारकोल की जली अँगीठी के ऊपर से।

(i) घोड़ा कैसे आगे बढ़ता था ?

(क) कोचवान के कहने पर (ख) अपने बलबूते पर

(ग) काली चाबुक की मार सहकर (घ) गर्मी के कारण

(ii) घोड़ा शारीरिक रूप से कैसा था ?

(क) तगड़ा (ख) दुबला

(ग) मरियल (घ) स्वस्थ

(iii) कविता में किसे अँगीठी के समान बताया गया है ?

(क) गरम पीठ (ख) तारकोल की सड़क

(ग) कोचवान (घ) घोड़ा

(iv) प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु को दर्शाया गया है ?

(क) वर्षा (ख) हेमंत

(ग) शीत (घ) ग्रीष्म

(v) सर्प के समान कौन बलखाती थी ?

(क) चाबुक (ख) कोचवान

(ग) घोड़ा (घ) ताँगा

## खंड ' ब ' ( वर्णनात्मक प्रश्न )

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए -** **(2x4=8)**

(क) 'महान राष्ट्रीय परंपरा' किसे कहा गया है ? भोलाराम ने इसका उल्लंघन क्यों किया ?

(ख) कठोर वचनों का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) कोया आदिवासी भारतीय सिपाहियों का ध्यान किस प्रकार रखते थे ?

(घ) गाँववालों के द्वारा दारा का सम्मान करने का कारण क्या था ?

(ङ) गाँधीजी काग़ज़ का अपव्यय किस प्रकार रोकते थे ?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** **(3x4=12)**

(क) 'गाँधी जी एक सच्चे कर्मयोगी थे I' 'आश्रम के अतिथि और संस्मरण' पाठ के आधार पर इस कथन की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए I

(ख) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता में कवि ने क्या संदेश देना चाहा है ?

(ग) दारा के चारित्रिक विशेषताओं को 'असल धन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(घ) कविता 'दोपहरी' के किस अंश ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया और क्यों ? उसे अपने शब्दों में लिखिए I

(ङ) 'भोलाराम ने पंप लगाया' पाठ के माध्यम से लेखक ने किस सच्चाई को उजागर किया है ?

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर ( 80 से 100 शब्दों में ) अनुच्छेद लिखिए |** **(5)**

(क) प्रकृति की रक्षा: मानव की सुरक्षा

संकेत बिंदु :-

- मनुष्य -प्रकृति का संबंध
- प्रकृति का बिगड़ता संतुलन
- प्रकृति की रक्षा मानव जाति का कर्तव्य

(ख) स्वास्थ्य और व्यायाम

संकेत बिंदु:-

- स्वस्थ तन- मन का महत्व
- अच्छा स्वास्थ्य पाने के उपाय
- स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ समाज का निर्माण

(ग) सफलता का मंत्र-- समय नियोजन

संकेत बिंदु :-

- समय का महत्व
- समय नियोजन के लाभ
- समय नियोजन कैसे

12. विद्यालय में हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता के आयोजन हेतु प्राचार्य/ प्राचार्या को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने मोहल्ले के पार्क की सफ़ाई करवाने हेतु नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए।

**13**. आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं, विद्यालय में वार्षिक उत्सव की जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए लगभग 50 से 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । (5)

**अथवा**

आपके विद्यालय में स्काउट/ गाइड कैंप का आयोजन किया जा रहा है इसकी सूचना देते हुए प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की ओर से लगभग 50-60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**14**. चंद्रयान -3 की सफलता को लेकर दो विद्यार्थियों के बीच बातचीत को संवाद रूप में लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए | (5)

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए |

----------0----------